# Twitter पर सुरक्षित महसूस करने में आपकी मदद

# यह प्लेबुक:

आपकी सहायता के लिए Twitter सुविधाओं की एक मूलभूत रूपरेखा प्रदान करती है ताकि आप:

- अधिक सुरक्षित महसूस करें.
- नियंत्रण अपने हाथ में रखें.
- अपने डिजिटल पदचिह्न प्रबंधित करें.

Twitter का उपयोग कैसे करें, इस बारे में अधिक जानकारी या दिशानिर्देशों के लिए संदर्भ हेतु हमेशा यह देखें: Twitter सहायता केंद्र.

# यह प्लेबुक विशेष रूप से:

- महिला और गैर-बाइनरी पत्रकारों के लिए है
- ऐसे किसी के लिए भी जिसने इस प्लेटफ़ॉर्म पर नुकसान या अपमान का अनुभव किया है

...ताकि उनके लिए सहज उपलब्ध अलग-अलग प्रकार के टूल्स की बेहतर समझ बन सके

# हम चाहते हैं कि Twitter पर लोग सुरक्षित, समावेशी और प्रामाणिक बातचीत करें. हमारे अपने नियम हैं और इन्हें ज़रूरत अनुसार लागू किया जाता है, इसके बावजूद भी नकारात्मक अनुभव हो सकते हैं. इसीलिए हमने आपकी सहायता के लिए सुरक्षा टूल्स तैयार किए हैं ताकि आप:



# विषय-सूची

## अधिक सुरक्षित महसूस करें:

बातचीत में भाग लेने के दौरान आपको सुरक्षित महसूस होना चाहिए


- Twitter पर रिपोर्ट कैसे करें 11
- बुनियादी सुरक्षा नियंत्रण 14
- म्यूट करना और अवरुद्ध करना 15
- फ़ॉलोअर्स हटाना 16
- सेफ्टी मोड 17


## नियंत्रण अपने हाथ में रखें:

इस प्लेटफ़ॉर्म पर अपने अनुभव और आप जो देखते हैं उस पर नियंत्रण रखें


- क्या सामग्री देखनी है इसे प्रबंधित करें 19
- मेरे सीधे संदेश 21
- जवाब छिपाएं 22
- बातचीत सेटिंग्स 23


## अपने डिजिटल पदचिह्न प्रबंधित करें:

उस डेटा को जानें और प्रबंधित करें जो दूसरे लोग आपके बारे में हासिल कर सकते हैं


- सामान्य फ़ीचर्स 24
- फ़ोटो-टैगिंग 25
- दृश्यता 25
- डेटा 26

# आइए हमारे सुरक्षा टूल्स पर एक नज़र डालें

## आपको इनमें से किसमें परेशानी आ रही है?

### व्यक्तिगत खाता

- अवरुद्ध करना
- म्यूट करना
- फ़ॉलोअर हटाना
- मेरे सीधे संदेश

### कई लोगों के साथ बातचीत

- जवाब छिपाना
- यह बदलना कि कौन जवाब दे सकता है
- मेरे सीधे संदेश


### मुख्यतया मेरा Twitter फ़ीड

- संवेदनशील सामग्री हटाना
- सेफ्टी मोड

### दूसरे लोग मेरे बारे में क्या जान सकते हैं

- 2FA सक्षम करना
- सुरक्षित ट्वीट्स
- फ़ोटो टैगिंग बंद करना
- दृश्यता
- डेटा शेयरिंग

# एक दूसरे ढंग से इन टूल्स पर विचार




*केवल उन खातों पर कारगर जिन्हें आप फ़ॉलो नहीं करते

# Twitter पर सुरक्षित महसूस करना

**हमें पता है कि कई बार आपको वैसा अनुभव नहीं मिल पाता जैसी आपने उम्मीद की थी. हम उन विकल्पों पर विचार करेंगे जो आपके मददगार हो सकते हैं.**



# Twitter के पास निम्नलिखित से संबंधित अपने नियम हैं:

## हिंसा
*हिंसात्मक धमकियां देना या हिंसा को महिमामंडित करना*

## आतंकवाद/हिंसक उग्रवाद
*आतंकवाद या हिंसक उग्रवाद को बढ़ावा देना*

## बाल यौन शोषण
*Twitter पर हम इसे कतई बर्दाश्त नहीं करते*

## अपमान / उत्पीड़न
*किसी को नुकसान पहुंचाने का इरादा रखना या उम्मीद करना*

## आत्महत्या या खुद को नुकसान पहुंचाना
*उन संरक्षित श्रेणियों पर आधारित धमकी जो यहां सूचीबद्ध हैं*

## आत्महत्या या खुद को नुकसान पहुंचाना
*इसे प्रचारित या प्रोत्साहित नहीं किया जा सकता*

## अपमानजनक शेयरिंग या संवेदनशील मीडिया
*ऐसी अवांछित तस्वीरों या वीडियो के ज़रिए लोगों को निशाना बनाना जिनमें भारी हिंसा, वयस्कों वाली सामग्री या नफरत भरा चित्रण शामिल होता है*

## सामान व सेवाएं जो अवैध हैं या कानूनी तौर पर नियंत्रित हैं
*अवैध वस्तुओं या सेवाओं की बिक्री, खरीद या इनसे संबंधित लेनदेन को मुमकिन बनाने जैसी अवैध गतिविधियों को बढ़ावा देना*

***आप इन सुरक्षा नीतियों के बारे में यहां और अधिक पढ़ सकते हैं.***

# अगर आप हमारे नियमों का कोई उल्लंघन देखते हैं, तो कृपया इसकी रिपोर्ट करें.

हम आपकी सुरक्षा के लिए अग्र-सक्रिय रूप से भी काम कर रहे हैं. हमारे नियम अमल में आ सकें, इस वास्ते आवश्यक मदद के लिए हम मानवीय समीक्षा और प्रौद्योगिकी के मेल को इस्तेमाल में लाते हैं.

# Twitter पर रिपोर्ट कैसे करें

## आपके लिए एक महत्वपूर्ण विकल्प

रिपोर्टिंग से हमें Twitter पर बातचीत को अच्छा बनाए रखने में मदद मिलती है. [किसी ट्वीट, सीधे संदेश (DM) या किसी खाते की रिपोर्ट करने के लिए आप रिपोर्ट करें वाले फ़ंक्शन का उपयोग कर सकते हैं](). हमारी टीम समय-समय पर इन्हें देखेगी व इन पर निगाह रखेगी.

लोगों द्वारा की जाने वाली रिपोर्ट के पीछे की कुछ सामान्य वजहों में स्पैम, अपमानजनक सामग्री, दूसरे का वेश धरना, कॉपीराइट या ट्रेडमार्क उल्लंघन शामिल हैं. नियमों और रिपोर्टिंग के बारे में [यहां]() और जानें.

## रिपोर्टिंग चरण दर चरण









# रिपोर्टिंग संबंधी अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न


- **मैं कोई रिपोर्ट कैसे सबमिट करूं?**
  यह छोटा-सा वीडियो देखें.

- **मेरी रिपोर्टिंग प्रक्रिया वीडियो से अलग क्यों दिख रही है?**
  हम अपनी रिपोर्टिंग प्रक्रिया में लगातार सुधार कर रहे हैं और हो सकता है कि कुछ विवरण ठीक वैसे न हों जैसा चित्रित किया गया है.

- **क्या एक ही खाते से कई ट्वीट्स की रिपोर्ट की जा सकती है?**
  हां.

- **हमारी रिपोर्ट पर आपका जवाब कब तक मिलेगा?**
  रिपोर्ट सबमिट करने के बाद, आपको 24 घंटों के भीतर एक पुष्टिकरण संदेश दिखाई देगा. अगर हमारी नीतियों का उल्लंघन हुआ है, तो हम कार्रवाई करेंगे (चेतावनी से लेकर खाते को स्थायी रूप से निलंबित करने तक). अगर हम कार्रवाई करते हैं तो आपको हमारी ओर से फ़ॉलोअप जानकारियां मिल सकती हैं.

- **क्या मेरी ओर से कोई दूसरा व्यक्ति रिपोर्ट कर सकता है?**
  हां, दूसरा व्यक्ति सीधे या रिपोर्ट फ़ॉर्म के माध्यम से ट्वीट की रिपोर्ट कर सकता है. हालांकि कुछ मामलों में, प्रभावित खाते की ओर से अगर रिपोर्ट की जाती है तो हमें रिपोर्ट की गई सामग्री के संदर्भ का बेहतर मूल्यांकन करने में मदद मिलती है.



# आपके रिपोर्ट करने के बाद

## क्या होगा अगर मेरी रिपोर्ट Twitter नियमों के उल्लंघन के दायरे में नहीं आ रही है?

यदि आप रिपोर्ट फ़ाइल करते हैं और यह Twitter नियमों के उल्लंघन के दायरे में नहीं आ रही है, तो भी आप कार्रवाई करना चाह सकते हैं. ऐसे कई टूल्स हैं जो बेहतरी की ओर आपके अनुभव को प्रबंधित करने में मददगार हो सकते हैं.

## विचार करने योग्य विकल्प

### अवरुद्ध करना

कुछ खास खातों को आपसे संपर्क करने, आपके ट्वीट्स देखने और आपको फ़ॉलो करने से रोकें. अगले पेज पर और जानें.

### फ़िल्टर की गईं सूचनाएं

आपको प्राप्त होने वाली सूचनाओं को फ़िल्टर करके एक अतिरिक्त स्तर का नियंत्रण प्राप्त करें. आप इनका उपयोग करके फ़िल्टर कर सकते हैं: गुणवत्ता फ़िल्टर, म्यूट किए शब्द और एडवांस फ़िल्टर.

### संवेदनशील मीडिया

संभावित संवेदनशील सामग्री को चेतावनी के पीछे रखना Twitter की डिफ़ॉल्ट सेटिंग है. आप अपनी सेटिंग्स को समायोजित करके इस मीडिया को देखने का विकल्प चुन सकते हैं.

### म्यूट करना

इससे आपको किसी खाते को अनफ़ॉलो या ब्लॉक यानी अवरोधित किए बिना अपनी टाइमलाइन से उसके ट्वीट्स हटाने की सुविधा मिलती है. आप विशेष शब्दों, वार्तालापों, वाक्यांशों, उपयोगकर्ता नामों, इमोजी या हैशटैग को भी म्यूट कर सकते हैं. अगले पेज पर और जानें.

### सुरक्षित खोज

सुरक्षित खोज फ़ंक्शन डिफ़ॉल्ट रूप से संभावित तौर पर संवेदनशील सामग्री को हटाने में मदद कर सकता है और साथ ही उन खातों को भी खोज परिणामों से हटा सकता है जिन्हें लोगों ने ब्लॉक और म्यूट कर दिया है.

# बुनियादी सुरक्षा नियंत्रण

## अवरुद्ध करना

### जब किसी बात की अति होने लगे

ब्लॉक यानी अवरुद्ध करने की सुविधा आपको कुछ खास खातों को आपसे संपर्क करने, आपके ट्वीट्स देखने और आपके खाते को फ़ॉलो करने से रोकने में मददगार होती है.

जब आप लोगों को ब्लॉक करते हैं तो उन्हें सूचित नहीं किया जाता है, लेकिन अगर वे आपकी प्रोफ़ाइल पर जाने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें एक नोटिस दिखाई देगा कि उन्हें अवरुद्ध कर दिया गया है. ध्यान दें कि यदि आपके द्वारा ब्लॉक किया गया कोई व्यक्ति उस स्पेस में बोल रहा है जिसमें आप शामिल हुए हैं, तो आपको लेबल और चेतावनियां दिखाई देंगी.

अवरुद्ध करने के बारे में यहां अधिक जानें.

## म्यूट करना

### शोर-शराबे में कमी

यदि आप लोगों को फ़ॉलो करते रहना चाहते हैं, लेकिन उनकी संख्या कम करना चाहते हैं या अपनी टाइमलाइन में उनके ट्वीट्स की संख्या कम करना चाहते हैं, तो म्यूट की सुविधा मददगार है. उन्हें पता नहीं चलेगा कि आपने उन्हें म्यूट किया है और आप चाहें तो बाद में उन्हें अनम्यूट कर सकते हैं.

आप खातों के साथ-साथ कीवर्ड्स को भी सूचनाओं में, होम टाइमलाइन में और बातचीत में प्रदर्शित होने से म्यूट कर सकते हैं. कीवर्ड्स को म्यूट करना कुछ थीम्स और सामग्रियों से बचने का एक अग्रसक्रिय तरीका है.

आप पूरी बातचीत को भी म्यूट कर सकते हैं, जिसके लिए आपको सूचनाएं मिलना बंद हो जाएंगी, लेकिन ये म्यूट की गई बातचीतें आपकी टाइमलाइन में दिखाई दे सकती हैं.

म्यूट के बारे में यहां और जानें.

# म्यूट करने और ब्लॉक (अवरुद्ध) करने के बारे में विचार

## उस खाते को म्यूट करना जिसे आप फ़ॉलो कर रहे हैं

ऐलिस फ़ॉलो करती है और म्यूट कर देती है बॉब को

ऐलिस बॉब के खाते को फ़ॉलो करते रहना चाहती है, लेकिन वह बॉब के ट्वीट्स को अपनी टाइमलाइन में नहीं देखना चाहती.

ऐलिस बॉब की केवल ऐसी सामग्री देखना चाहती है जिसमें वह शामिल हो (जैसे उल्लेख और सीधे संदेश).

बॉब यह नहीं देख पाएगा कि उसे ऐलिस ने म्यूट किया हुआ है.

## उस खाते को म्यूट करना जिसे आप फ़ॉलो नहीं कर रहे हैं

ऐलिस म्यूट कर देती है बॉब को

ऐलिस बॉब को फ़ॉलो नहीं करना चाहती, और वह अपनी टाइमलाइन में बॉब के ट्वीट्स भी नहीं देखना चाहती.

ऐलिस को बॉब के ट्वीट्स में कोई दिलचस्पी नहीं है, लेकिन बॉब उसका उल्लेख करता रहता है और उसकी सूचनाओं वाली नोटिफिकेशन टाइमलाइन में फालतू हलचल मचाए रखता है.

बॉब यह नहीं देख पाएगा कि उसे ऐलिस ने म्यूट किया हुआ है.

## खाते को ब्लॉक करना (अवरुद्ध करना)

ऐलिस अवरुद्ध कर देती है बॉब को

ऐलिस नहीं चाहती कि बॉब उसको फ़ॉलो करे या उसके ट्वीट्स देखे. वह बॉब के ट्वीट्स भी नहीं देखना चाहतीं.

ऐलिस बॉब से कोई नोटिफिकेशन यानी सूचना नहीं पाना चाहती.

ऐलिस की प्रोफ़ाइल पर जाने पर बॉब को दिखेगा कि उसे ब्लॉक कर दिया गया है.

# फ़ॉलोअर्स हटाना

## फ़ॉलोअर्स को बिना अवरुद्ध किए उन्हें हटाना

यह फ़ीचर लोगों को अवरुद्ध किए बिना किसी के साथ बातचीत को सीमित करने की सुविधा देता है. यह सभी के लिए है लेकिन इनके लिए विशेष रूप से मददगार हो सकता है:

- सार्वजनिक खाते वाले लोग जिन्हें "स्वीकार करें" या "अस्वीकार करें" वाले फ़ॉलो अनुरोध नहीं मिलते हैं.
- वे लोग जो सार्वजनिक से सुरक्षित ट्वीट्स पर जा रहे हैं.
- वे लोग जो अवरुद्ध करने की हद तक जाए बिना दूसरों के साथ बातचीत को सीमित करना चाहते हैं.

**यह फिलहाल केवल वेब (डेस्कटॉप) के माध्यम से उपलब्ध है.**


### अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

- **फ़ॉलोअर को हटाने का तरीका क्या है?**
  आप फ़ॉलोअर को अपनी फ़ॉलोअर्स सूची से या उनकी प्रोफ़ाइल पर जाकर हटा सकते हैं.

- **अगर मेरे ट्वीट्स सार्वजनिक हैं तो ऐसी स्थिति में भी क्या फ़ॉलोअर को हटाया जा सकता है?**
  हां, फ़ॉलोअर्स को हटाया जा सकता है, भले ही ट्वीट्स सुरक्षित हों या सार्वजनिक.

- **अगर आप उन्हें हटाते हैं तो क्या लोगों को सूचित किया जाता है?**
  नहीं, यदि आप उन्हें एक फ़ॉलोअर के रूप में हटाते हैं, तो उन्हें Twitter द्वारा सूचित नहीं किया जाएगा, लेकिन वे फिर से आपको फ़ॉलो कर सकते हैं.

- **सार्वजनिक प्रोफ़ाइल वाले लोग इस फ़ीचर से पहले फ़ॉलोअर्स को कैसे हटाते थे?**
  इस फ़ीचर से पहले, सार्वजनिक और सुरक्षित ट्वीट - दोनों ही प्रकार के लोग फ़ॉलोअर्स को अवरुद्ध और फिर उन्हें अनब्लॉक करके हटा सकते थे.



# सेफ्टी मोड

## बड़ा लाल रंग का आपातकालीन बटन

***फिलहाल Beta में, जल्द ही वैश्विक तौर पर उपलब्ध होगा***

सेफ्टी मोड का उद्देश्य उन खातों को स्वचालित रूप से अवरुद्ध करना है जो Twitter नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं या अपमान, नाम-बिगाड़ना, कठोर भाषा या नफरत भरी टिप्पणियों का उपयोग कर रहे हैं. यह आपको अनचाहे संवाद से अग्रसक्रिय रूप में सुरक्षित रखने के लिए है.

खाते सात दिनों के लिए ऑटो-ब्लॉक होते हैं, लेकिन ऑटो-ब्लॉक को किसी भी समय समायोजित या पूर्ववत किया जा सकता है.

यह एक वैकल्पिक और अस्थायी सुरक्षा नियंत्रण है. हम हमेशा इस बारे में स्पष्ट रहते हैं कि कोई अवरुद्ध किया जाना सेफ्टी मोड द्वारा किया गया या आपके द्वारा किया गया.

सुरक्षा मोड के बारे में यहाँ और यहाँ और जानें।

### अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

- **यह फ़ीचर किसके लिए है?**
  यह सभी के लिए है, लेकिन विशेष रूप से हाशिये के समुदायों और महिला पत्रकारों के लिए है. इस तरह के टूल्स के माध्यम से, ग्राहक यह तय कर सकते हैं कि बातचीत में वह रेखा कहां खींचनी है जो मनोवैज्ञानिक या भावनात्मक सुरक्षा को प्रभावित कर सकती है.

- **अवरुद्ध करना और म्यूट करना का उपयोग क्यों न करें?**
  सेफ्टी मोड तब मदद करता है जब आप एक साथ कई लोगों से 'डॉगपाइलिंग' या दुर्व्यवहार/स्पैम का अनुभव करते हैं. इस पैमाने पर खातों को ब्लॉक करने में बहुत अधिक समय लगता है इसलिए हमने बोझ हल्का करने के लिए यह टूल बनाया है, सिर्फ आपके लिए.

- **यह फ़ीचर सभी के लिए कब उपलब्ध होगा?**
  हम 2022 की शुरुआत में इसे वैश्विक स्तर पर लॉन्च करने की योजना बना रहे हैं.



# नियंत्रण अपने हाथ में रखें

**अपने संदेशों, अपनी बातचीतों और प्लेटफ़ॉर्म पर आप जो देखते हैं, उस पर नियंत्रण रखें.**




# क्या सामग्री देखनी है इसे प्रबंधित करें

## असुविधाजनक या अप्रासंगिक सामग्री देखने से बचें

अगर किसी प्रकार की संवेदनशील सामग्री (जैसे, हिंसा या नग्नता) आपको असहज करती है, तो आप **गोपनीयता और सुरक्षा → 'वह सामग्री, जो आप देखते हैं'** पर नेविगेट कर सकते हैं और सुनिश्चित कर सकते हैं कि **"वह मीडिया दिखाएं जिसमें संवेदनशील सामग्री हो सकती है"** वाला बॉक्स अनचेक किया हुआ है. **(केवल वेब पर अपडेट किया जाना संभव है.)**

अगर आप नहीं चाहते कि आपके खोज परिणामों में संवेदनशील मीडिया दिखाई दे, तो आप **खोज सेटिंग्स** में क्लिक करके और संवेदनशील सामग्री छिपाकर **सुरक्षित खोज** मोड को भी चालू कर सकते हैं. **(केवल वेब पर अपडेट किया जाना संभव है.)**

अंत में, आप उन थीम्स और विषयों को प्रबंधित करने के लिए **'रुचियां'** अनुभाग की समीक्षा और संशोधन कर सकते हैं, जो Twitter आपके होम टाइमलाइन पर आपको सुझाता है.



# मेरे सीधे संदेश

## इस पर नियंत्रण कि कौन आपको संदेश भेज सकता है


सीधे संदेश आपको निजी बातचीत करने या समूह वार्तालाप बनाने की अनुमति देते हैं, लेकिन कभी-कभी लोगों को अनचाहे सीधे संदेश मिलते हैं. DM (सीधे संदेश) की सेटिंग्स आपको अनचाहे संदेशों को फ़िल्टर करने की और उन लोगों के संदेशों को सीमित करने की अनुमति देती हैं जिनको आप फ़ॉलो नहीं कर रहे हैं.

- यदि सेटिंग में बंद कर दिया जाए, तो आपको केवल उन्हीं लोगों के संदेश प्राप्त होंगे जिन्हें आप फ़ॉलो करते हैं
- गुणवत्ता फ़िल्टर को टॉगल करना संभव है ताकि निम्न-गुणवत्ता वाले या स्पैम की संभावना वाले सीधे संदेश बाहर किए जा सकें

**यहां इन सेटिंग्स को उपयोग करने का तरीका जानें.**

### अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

- **अगर मैं किसी DM यानी सीधे संदेश को हटाऊं, तो क्या बातचीत में मौजूद अन्य लोगों के लिए भी यह डिलीट हो जाता है?**
  नहीं. जब आप कोई सीधा संदेश या बातचीत मिटाते हैं, तो यह केवल आपके खाते से डिलीट होती है. बातचीत में शामिल अन्य लोग अभी भी आपके द्वारा मिटाए गए सीधे संदेश या वार्तालापों को देख सकते हैं.
- **अगर मैंने किसी खाते को ब्लॉक यानी अवरुद्ध कर दिया है, तो क्या वे मुझे सीधा संदेश भेज सकते हैं?**
  नहीं, अवरुद्ध खाते आपको सीधा संदेश करने में असमर्थ हैं.



# जवाब छिपाना

## अपनी बातचीत के लहजे को प्रबंधित करना


जवाब छिपाने वाले फ़ीचर्स आपको यह नियंत्रित करने की सुविधा देते हैं कि आपकी बातचीत को कौन-कौन देख सकता है. अगर आपको लगता है कि कोई जवाब विषय से परे या स्पैम वाला है और बातचीत के महत्व को कम करता है, तो आप जवाब पर क्लिक करके उसे छिपा सकते हैं. जवाब मिटाए नहीं जाते हैं बल्कि एक अतिरिक्त क्लिक के पीछे रख दिए जाते हैं.

यहां पर जवाब छिपाने का तरीका जानें.

### अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

- **क्या इस तरह का कोई फ़ीचर बातचीत को बाधित कर सकता है?**
  यह सुविधा ऑनलाइन सुरक्षा और सही आचरण को बढ़ावा देने के लिए है. जवाब उन सभी के लिए अभी भी उपलब्ध होंगे जो छिपे हुए जवाब अनुभाग में क्लिक करते हैं.

- **क्या उत्तरदाता यह देख सकता है कि क्या मैंने उनका जवाब छिपाया है?**
  हां. मूल ट्वीट तक पहुंच रखने वाला कोई भी व्यक्ति देख सकता है कि कौन-से जवाब छिपाए गए.



# बातचीत सेटिंग्स

## सीधा नियंत्रण कि कौन जवाब दे सकता है

कभी-कभी लोग ट्वीट करने में तब अधिक सहज होते हैं जब वे चुन पाते हैं कि कौन जवाब दे सकता है.

बातचीत सेटिंग्स का उपयोग करने से आपको आजादी मिलती है कि आप अधिक सार्थक बातचीत में शामिल हो सकें और अनचाहे जवाबों से बच सकें.

ब्लॉक यानी अवरुद्ध करें का उपयोग किए बिना बातचीत को अग्रसक्रिय रूप से प्रबंधित करने में यह फ़ीचर आपकी सहायता कर सकता है और स्पैम से बचा सकता है.


हालांकि आपकी सेटिंग के आधार पर हर कोई ट्वीट और बातचीत देख सकता है, मगर हर कोई जवाब नहीं दे पाएगा.

### अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

- **बातचीत की सेटिंग्स को कब बदला जा सकता है?**
  आप ट्वीट करने से पहले और ट्वीट करने के बाद भी इसे बदल सकते हैं.

- **क्या अन्य लोग अभी भी ट्वीट से जुड़ सकते हैं?**
  हां. जो लोग जवाब नहीं दे सकते, वे अब भी इन ट्वीट्स को देखना, रीट्वीट करना, कमेंट के साथ रीट्वीट करना, शेयर करना और पसंद करना कर पाएंगे.

- **पत्रकारों के लिए सेटिंग कैसे उपयोगी है?**
  समाचार आउटलेट्स और पत्रकारों ने आमने-सामने वाले साक्षात्कार आयोजित करने, एक रिपोर्टिंग टीम के रूप में बातचीत करने, और पैनल चर्चाओं की मेजबानी करने के लिए बातचीत सेटिंग्स का उपयोग किया.



# अपने डिजिटल पदचिह्न प्रबंधित करें

**Twitter पर खुद को और अपना डेटा सुरक्षित रखें. यहां बताया गया है कि कहां से शुरू करें.**



# आपके खाते को सुरक्षित रखने में मददगार

## दो-कारक प्रमाणीकरण इस्तेमाल करें:

अपने खाते के लिए सुरक्षा की एक अतिरिक्त परत जोड़ें जिससे आपको अपने पासवर्ड के अतिरिक्त एक और सुरक्षा जांच जोड़ने की सुविधा मिलती है. सेटिंग्स और गोपनीयता → सुरक्षा और खाता एक्सेस → सुरक्षा पर जाएं.

## पासवर्ड रीसेट सुरक्षा चालू करें:

इस विकल्प का चयन करें ताकि आपसे खाते से संबद्ध ईमेल पता और फ़ोन नंबर मांगा जाए. यह पासवर्ड रीसेट ईमेल या टेक्स्ट को सक्षम करेगा. मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें जिसका उपयोग आप अन्य वेबसाइटों पर नहीं करेंगे. सेटिंग्स और गोपनीयता → सुरक्षा और खाता एक्सेस → सुरक्षा पर जाएं.

## अपने ट्वीट्स सुरक्षित रखने के बारे में सोचें:

जब आप Twitter के लिए साइन अप करते हैं, तो आपके ट्वीट सार्वजनिक होते हैं और सभी इन्हें देख सकते हैं. लेकिन आप अपने ट्वीट्स को केवल अपने फ़ॉलोअर्स के लिए दृश्यमान बनाना भी चुन सकते हैं. जब भी कोई आपको फ़ॉलो करना चाहेगा तो आपको एक अनुरोध प्राप्त होगा. सेटिंग्स और गोपनीयता → गोपनीयता और सुरक्षा → ऑडियंस और टैग करना पर जाएं.

## संदिग्ध संदेशों से सावधान रहें:

Twitter केवल इन-ऐप या आगे लिखे डोमेन से भेजे गए ईमेल के ज़रिए आपसे संपर्क करेगा: https://twitter.com. अगर आपको कोई संदेह है, तो सीधे Twitter.com पर जाएं और वहां लॉग इन करें.


# सार्वजनिक रूप से दिखने को नियंत्रित करना

## फ़ोटो टैग करना को बंद कर दें:

अपना नाम सार्वजनिक रूप से साझा किए जाने को कम करने के लिए, आप उस फ़ीचर को अक्षम कर सकते हैं जो किसी को भी आपको फ़ोटो में टैग करने की अनुमति देता है या टैगिंग को केवल उन लोगों तक सीमित कर सकते हैं जिन्हें आप फ़ॉलो करते हैं. यह सेटिंग्स और गोपनीयता → गोपनीयता और सुरक्षा → ऑडियंस और टैग करना में जाकर किया जा सकता है.

## दूसरों द्वारा खोज लिए जाने की क्षमता:

जब कोई नया व्यक्ति Twitter से जुड़ता है, तो आपके खाते को फ़ॉलो करने का सुझाव उन्हें दिया जा सकता है, बशर्ते कि उनके और Twitter के पास आपके ईमेल और/या फ़ोन नंबर तक पहुंच हो. यदि आप नहीं चाहते कि इस डेटा के आधार पर आपका नाम नए खातों को सुझाया जाए, तो आप ईमेल द्वारा अपनी दृश्यता और/या फ़ोन नंबर द्वारा खोज लिए जाने की क्षमता को अक्षम कर सकते हैं.



# आपके लिए अपने सभी डेटा तक पहुंच हासिल होना ज़रूरी है

Twitter का मानना है कि हमारी सेवाओं का उपयोग करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपने डेटा को समझना चाहिए और उस पर सार्थक नियंत्रण होना चाहिए.

**सेटिंग्स और गोपनीयता → गोपनीयता और सुरक्षा पर** जाएं और अपनी सेटिंग को जानें तथा समायोजित करें. आप हमारे गोपनीयता केंद्र पर जाकर भी गोपनीयता के बारे में अधिक जान सकते हैं.

Twitter के पास आपके बारे में फ़ाइल में मौजूद सभी डेटा देखने के लिए, इस पर नेविगेट करें:

**सेटिंग्स और गोपनीयता → आपका खाता.** आपको अपने खाते की जानकारी प्रदान करने के लिए कहा जाएगा और आप **अपने डेटा का एक संग्रह डाउनलोड कर** पाएंगे.



# Twitter पर आपके लिए सुरक्षित स्पेस कैसे बनाया जाए, इसके तरीके के बारे में अधिक जानने के लिए, ये सुरक्षा वीडियो देखें या रक्षा एवं सुरक्षा हब पर जाएं.

